## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- लोहरदगा, खूंटी, सिंहभूम और पलामू संसदीय सीट के लिए कल सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान, नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सुदूर क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से भेजे गए मतदानकर्मी।

2- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को गिरिडीह में चुनावी जनसभा को करेंगे सम्बोधित, गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव कल दाखिल करेंगे नामांकन पर्चा।

3- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, एनटीए ने यूजीसी–नेट की जून में होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 15 मई तक के लिए बढ़ाया।

4- आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है –मदर्स डे, राज्य में लोग माताओं के प्रति व्यक्त कर रहे हैं प्यार और सम्मान।

*****************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत कल होने वाले मतदान को लेकर आज मतदान कर्मियों को उनके मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। कल लोहरदगा, खूंटी, सिंहभूम और पलामू में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होना है। इससे पहले कल दूर–दराज के नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया था। सभी चारों जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया। हमारे लोहरदगा संवाददाता ने बताया है कि आज जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाची पदाधिकारी बाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक एसपी हारिस बिन जमां ने समाहरणालय परिसर से मतदान कर्मियों को रवाना किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने मतदाताओं से मतदान जरूर करने की अपील की। इधर, लोहरदगा निर्वाचन क्षेत्र के गुमला जिले से आज दोपहर तक लगभग 95 मतदान कर्मियों को उनके मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि कल 44 मतदान केन्द्रों के लिए भेजे गए मतदानकर्मी सकुशल पहुंच गए हैं और आज भी तेरह मतदान केन्द्रों के मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से रवाना कर दिया गया है। इधर, खूंटी और लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए आज सुबह रांची के मोराबादी से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

******************

मुख्य निर्वाचन पदधिकारी के रवि कुमार ने आज लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। इसके अलावा उन्होंने पहली बार मतदान करने के लिए उत्साहित युवा मतदाताओं से भी मुलाकात की। मौके पर लातेहार की उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह भी मौजूद रहीं।

******************

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल लोकसभा चुनाव के चौथे चरण से पहले मतदाताओं से अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहण करते हुए मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की है। श्री राजीव कुमार ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही देश में नियमित रूप से सुचारू चुनाव संपन्न हो रहे हैं। चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव बताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने युवाओं से चुनावी भागीदारी में अपनी जिम्मेदारी का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदान की सभी बुनियादी सुविधाओं के प्रबंध किये गए हैं।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को गिरिडीह के बिरनी में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यहाँ आयोजित हो रहे कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए जमुआ के विधायक केदार हाजरा ने बताया कि प्रधानमंत्री 14 मई को दोपहर बाद करीब एक बजे बिरनी आएंगे। यहाँ प्रधानमंत्री तीन जिलों कोडरमा, हजारीबाग और गिरिडीह के मतदाताओं को संबोधित करेंगे। कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है। इधर, गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव कल नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सहित कई अन्य नेता मौजूद रहेंगे। वहीं, गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

******************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने और उनके लिये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। एक अंग्रेजी दैनिक को दिये साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और उनकी सफलता के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना ही वास्तविक प्रगति है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की बेरोजगारी दर दुनिया में सबसे कम है।

******************

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, एनटीए ने यूजीसी–नेट की जून में होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। जो अभ्यर्थी अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं वो अब 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं, आवेदन में संशोधन 18 से 20 मई तक ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकेगा।

******************

राजमहल संसदीय सीट पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर प्रशाासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

******************

आज दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। राज्य में आज मातृ दिवस माताओं को धन्यवाद देने और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन सभी आयु वर्ग के लोग फूल, कार्ड, चॉकलेट या उपहार देकर माताओं के प्रति अपना प्यार और सम्मान व्यक्त करते हैं और ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

*******************

हजारीबाग जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित चुटियारो गांव में करंट लग जाने से आज एक हाथी की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के खेतों में लगे टमाटर खाने के लिए हाथी खेत के अंदर गया था, जिसके बाद खेत से निकलने के क्रम में हाथी का सूंड़ बिजली की तार में सट गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के एमजीएम थाना क्षेत्र स्थित काशीडीह गांव के जंगल से आबकारी विभाग ने लगभग ग्यारह सौ लीटर महुआ जब्त किया है। विभाग के सहायक आयुक्त रामलीला रवानी ने बताया कि बरामद महुआ का बाजार मूल्य करीब सत्ताईस हजार रुपये है।

*******************

देवघर स्थित पालोजोरी– बसबुटिया मुख्य मार्ग पर बीती देर रात ट्रैक्टर पलटने से दो बच्चियों की मौत हो गयी और चौदह अन्य लोग घायल हो गए। इस हादसे में सात लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

*******************

रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 2 मार्केट से चोरों ने गैस कटर से एक मोबाइल दुकान का शटर काटकर नकदी सहित लाखों रुपये का समान चुरा लिया। कल देर रात अज्ञात चोरों ने गैस कटर का इस्तेमाल कर दुकान का ग्रिल और शटर काटा। फिर दुकान से 25 लाख रुपये के मोबाइल और पांच लाख पचास हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गये।

*******समाप्त************